Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 24-03-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

Title: Need to set up a Railway Scrap Disposal unit at Bareilly, U.P. – Laid.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : अध्यक्ष महोदय, बरेली रेल का महत्वपूर्ण स्थान है तथा बरेली में पूर्वोत्तर रेल के मंडल कार्यालय के अतिरिक्त पूर्वोततर रेल का डिब्बा व क्रेन निर्माण का कारखाना है, परन्तु काम के अभाव में उक्त कारखाना कार्यरत नहीं है। यहां पर रेल के संसाधान इतने अधिक हैं कि पूर्व में कोच फैक्ट्री का भी निर्माण करने का प्रस्ताव था। ज्ञात हुआ है कि रेल मंत्रालय द्वारा देश के कुछ स्थानों पर स्क्रैप डिस्पोज़ल हेतु यूनिट लगाये जा रहे हैं। बरेली इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। वर्तमान में यहां पर लगभग 250 बैगन व कोच को काटा जा सकता है। मेरा रेल मंत्री से आग्रह है कि बरेली का चयन इस हेतु किया जाये।